प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-427
08/10/2018

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने की गुजरात के मुख्यमंत्री से बात

पटना, 08 अक्टूबर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गुजरात में उत्तर भारतीयों पर हो रहे हमलों से संबंधित पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न का जवाब देते हुये कहा कि हमसब लोग सम्पर्क में हैं और वहां जो भी चीजें घटित हो रही हैं, उस पर हमलोगों की नजर है। उन्होंने कहा कि हम सबसे यही आग्रह करेंगे कि जिसने पहले कोई गलती की है या अपराध किया है तो उसको निश्चित रूप से दंड मिलना चाहिए और उसपर पूरी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा जो दूसरे लोग हैं, उनके बारे में इस तरह की धारणा नहीं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए वहां की सरकार भी पूरी सतर्क है और कल ही हमारी मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी से बातचीत हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मसलों पर कुछ राज्यों के लोगों के प्रति इस तरह की भावना नहीं रखनी चाहिए।

******